**खबर संक्षेप**

## सांसद की खंडवा यात्रा में शामिल हुए समाज सेवी



**छिंदवाड़ा।** सांसद श्री विवेक बंटी साहू की 411 किलोमीटर लंबी पदयात्रा में आज छिंदवाड़ा जिले से जुड़े कई समाजसेवियों ने खंडवा जा रही दादाजी धाम यात्रा में पहुँचकर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। समाजसेवी गणों ने युवा मित्र मंडल के साथ पहुँचकर श्रद्धा भावपूर्वक दादाजी के निशान की पूजा.अर्चना की और क्षेत्र की सुख.समृद्धि हेतु प्रार्थना की। इस अवसर पर सांसद विवेक बंटी साहू का पारंपरिक गमछा पहनाकर स्वागत किया गया एवं उपस्थित समाजसेवियों ने उनके साथ पदयात्रा में भाग लिया। यात्रा मार्ग में दादाजी के जयकारों और भजनों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रूपेश साहू , गणेश वर्मा, आस्थी साहू, कमलेश वर्मा एवं अखिल सूर्यवंशी, अमित सल्लाम, राही साहू, दीपक चैरे एवं जीत चोरिया, सत्येंद्र टेकाम आदि युवा उपस्थित यात्रा में उपस्थित थे।

## न्यायाधीश श्री हुद्दार ने किया निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा।** छिंदवाड़ा नगर के चंदनगांव स्थित जनमंगल संस्थान बालगृह का आज प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा श्री सुशांत हुद्दार ने आकस्मिक निरीक्षण किया एवं बालगृह में निवासरत बच्चों से मुलाकात की। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री हुद्दार ने बच्चों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी तथा बालगृह के संचालक श्री महेन्द्र खरे से भी बालगृह के संचालन तथा प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी ली तथा बालगृह में बच्चों के संबंध में प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग आदि की ओर से आने वाली किसी भी प्रकार की समस्या के संबंध में उन्हें अवगत कराने के लिए कहा।

### टीएल बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश, विभागों की हुई समीक्षा

# अनियमित पार्किंग पर ट्रैफिक अधिकारियों को जारी किए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम मॉनिट, सीएम कार्यालय, सीएम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। साथ ही विभिन्न समसामयिक एवं अंतर्विभागीय मुद्दों पर भी चर्चा की और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से मौसमी बीमारियों के दृष्टिगत आवश्यक तैयारी और दवाओं की उपलब्धता आदि के बारे में भी जानकारी प्राप्त की और पूरी टीम को एक्टिव रखने के निर्देश दिए हैं।

### अटल पेंशन योजना में अल्प प्रगति पर जताई नाराजगी

पिछली टीएल बैठक में प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना के अंतर्गत जिले के किसानों और लाडली बहनों को प्रेरित कर जोड़ने के निर्देश दिए गए थे, परंतु इस दिशा में संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर श्री सिंह ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत अच्छी योजना है, 18 से 40 वर्ष आयु के व्यक्ति इसका लाभ उठा सकते हैं। 60 वर्ष की आयु के बाद 1000 से लेकर 5000 तक के पेंशन मिलेगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी जरूरतमंद लोगों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए इस योजना के बारे में उन्हें बताएं और प्रेरित करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस योजना से जोड़ें।

### सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर करें फोकस

कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में बताया कि जिला पिछली सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग में भी ए ग्रेड के साथ टॉप 10 में रहा है, लेकिन इस बार हमें टॉप-5 के लिए प्रयास करना है। सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और स्थायी समाधान पर फोकस करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का समाधान केवल औपचारिक रूप से न हो, बल्कि प्रभावशाली, स्थायी और संतोषजनक हो।

### बसों की अनियमित पार्किंग पर सख्ती, ट्रैफिक अधिकारियों को नोटिस जारी

सड़क सुरक्षा समिति की पिछली बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए जाने के बावजूद अब भी कई स्थानों पर बसें अनियमित रूप से खड़ी की जा रही हैं। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने आरटीओ, टीआई ट्रैफिक और डीएसपी ट्रैफिक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सड़क सुरक्षा समिति में दिए गए निर्देशों को सभी संबंधित अधिकारी गंभीरता से लें, अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

### पीएमएफएमई योजना में अच्छे प्रकरण स्वीकृत कराने के निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए यह केंद्र शासन द्वारा चलाई जा रही एक महत्वपूर्ण योजना है। इसमें काफी बड़ी राशि ऋण के रूप में सब्सिडी के साथ नव उद्यमियों को दी जाती है। उप संचालक उद्यानिकी विभाग इसके तहत अच्छे और बड़े प्रकरण तैयार करवाएं और हितग्राहियों को लाभान्वित करें। साथ ही लीड बैंक मंगाई को इन प्रकरणों की शीघ्र स्वीकृति और वितरण सुनिश्चित कराने को कहा है। उन्होंने बताया कि योजना के क्रियान्वयन हेतु डीआरपी की नियुक्ति आवश्यक है, परंतु जिले में वर्तमान में केवल एक डीआरपी (डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन) कार्यरत है। अन्य डीआरपी की नियुक्ति नहीं होने तक उन्होंने उप संचालक उद्यानिकी का वेतन रोकने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी और डीपीसी जिला शिक्षा केंद्र से शासकीय स्कूलों में पुस्तकों की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि डीपीसी, बीआरसी, सी.ए.सी और संकुल प्राचार्य 10-10 विद्यालयों का दौरा कर भौतिक रूप से जांच करें कि क्या पुस्तकों की आपूर्ति पूर्ण हो चुकी है और यह विद्यार्थियों तक पहुंच चुकी है?

## कैंसर पीड़िता का भोपाल में होगा इलाज

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर दीघावानी निवासी कैंसर पीड़ति मरीज का भोपाल में ईलाज हो सकेगा। सांसद के प्रयास से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे पीड़ति व्यक्ति को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 3 लाख की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है। सांसद श्री साहू ने पदयात्रा के दौरान पीड़ति व्यक्ति से मोबाईल के माध्यम से बात करते हुये उन्हें उक्त राशि मिलने की सूचना दी एवं दादाजी धूनीवाले के दरबार खण्डवा में पहुचकर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करने की बात करते हुये कहा कि वे आगे भी उनकी हर सम्भव सहायता के लिए तैयार है।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों परासिया के ग्राम दीघावानी निवासी इन्द्रकुमार ठाकरे ने सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए बीमारी की जानकारी दी और अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला दिया एवं कैंसर के ईलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग की थी।

### ग्राम सिरेगांव का मामला, दस मई को हुआ था विवाह

# बालविवाह कराने पर वर-वधु दोनों पक्षों सहित पंडित पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई



विकासखंड के ग्राम सिरेगांव से विगत दिनों मामला सामने आया की सिरेगॉव मे10 मई 2025 को बालविवाह सम्पन्न हुआ जिसकी भनक प्रशासन को नहीं थी जबकि इस दिनांक को लड़की की उम्र 17 साल 5 माह थी! मामला तब सामने आया ज़ब 12 जून को लड़की अपने प्रेमी के साथ अपने मायके से भाग गई उसके बाद परिजनों ने खोज बीन कर हार थक कर मामला थाना चौरई मे दर्ज कराया तब पूरा मामला प्रकाश मे आया! पूरे मामले की छानबीन के बाद पता चला की घर वालो द्वारा लड़की का बाल विवाह कराया गया था जिससे लड़की खुश नहीं थी क्योंकि उसका प्रेम प्रसंग पहले से ही अन्य ग्राम के ही लडके के साथ औऱ वह उसके साथ भाग गई! चौरई थाना प्रभारी गणपत सिंह उइके ने बताया कि पुलिस ने लड़की के परिजनों सोहन वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, संतोषी वर्मा पर बालविवाह निषेध अधिनियम के तहत धारा 9,10,11,15 मे कार्यवाही की गईं व लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने वाले लडके अभिषेक वर्मा निवासी सिरेगॉव पर अपहरण एवं बलात्कार की धारा 137(2), 96, 64 (2) के तहत क़ायम कर मामला पंजीवद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायलय के समक्ष पेस किया गया. जहा से आरोपी को जिला जेल भेजा गया।

# प्री स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में शूटरों ने जीता मैडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



हाल ही में इंदौर में स्थित बी.एस.फ की रेवती रेंज पर 22 जून 2025 से 29 जून 2025 को दूसरी मध्यप्रदेश प्री स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप आयोजित हुई, जिसमें छिंदवाड़ा के चंदनगांव भरतादेव रोड़ पर स्थित अर्जुन शूटिंग एकेडमी पर प्रशिक्षण ले रहे कुल 23 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, संस्था के सेक्रेटरी रामकृष्ण (शिवम्) बरकोरिय ने जानकारी दी कि, एकेडमी के शूटर योग्य पाटोदी ने सब यूथ पुरुष जूनियर पुरुष एवं सीनियर पुरुष वर्ग के पीप साइट रायफल इवेंट में सर्वश्रेष्ठ अंक अर्जित कर 1 सिल्वर 2 ब्रिज पदक जीते है, एवं राजवीर रजक, अरिहान सिंह, कुणाल वैष्णव , अंत्रिक्स बर्मन,समश आजमी, सिद्धार्थ डेहरिया , लक्ष्य डेहरिया, महिला रायफल वर्ग से काजोल प्रजापति, हर्षि टंडेकर, महिला पिस्टल वर्ग से वैदेही भोयरकर, साक्षी बरकोरिया, वैष्णवी यादव, पुरुष बर्ग से पिटोल में आदित्य पतिंगे, कृषि श्रीवास्तव,शिवांश रघुवंशी, रेशभ बावरिया, रूपेश भाड़े, पार्थ वर्मा ने स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप के लिए सभी बच्चों ने क्वालिफाइड किया है खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर संस्था के अध्यक्ष प्रणय बोन्डे एवं सचिव रामकृष्ण शिवम् बरकोरिय हर्ष व्यक्त करते हुए कहा हम भविष्य में भी और अच्छे खिलाड़ो तैयार करके उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए मेडल लाने के लिए प्रेरित करेंगे और आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

### आई.टी.आई. में प्रवेश के लिये जारी की जायेगी व्दितीय चयन सूची आज

**छिंदवाड़ा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिंदवाड़ा के नोडल प्राचार्य श्री सी.बी.उईके ने बताया कि जिले में सभी शासकीय आईटीआई में 21 व्यवसायों में प्रवेश होना है। प्रवेश लेने के लिये व्दितीय चयन सूची 01 जुलाई 2025 को जारी की जायेगी। प्रवेश लेने के लिये इच्छुक आवेदक 01 जुलाई 2025 से 04 जुलाई 2025 तक प्रवेश ले सकेंगे।

# डॉ. नागवंशी को मिला राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार



**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापक, राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई की अधिकारी डॉ रश्मि नागवंशी को राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई में किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। डॉ नागवंशी द्वारा लगभग दो दशक से भी अधिक समय से राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई में अधिकारी के रूप में कार्य किया जा रहा है, उनके कुशल मार्गदर्शन और नेतृत्व में महाविद्यालय की छात्राओं ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया है। पूर्व में भी रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा जिला स्तरीय श्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी का सम्मान इन्हें प्रदान किया जा चुका है। वर्तमान में इनके उत्कृष्ट कार्यो के चलते इन्हें राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उनकी इस सफलता पर अतिरिक्त संचालक डॉ पीआर चंदेलकर, राष्ट्रीय सेवा योजना रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर शोभाराम मेहरा, पूर्व जिला संगठक एवं पीजी कॉलेज प्राचार्य डॉ वायके शर्मा, जिला संगठक डॉ रविंद्र नाफड़े, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एके टांडेकर, डॉ संगीता वाशिंगटन, प्रो आरडी वाडिवा, प्रो आरके चंदेल, डॉ एसके शेण्डे सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ, जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिकों एवं शुभचिंतकों ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# शासन की योजनाओं का करें प्रचार प्रसार: मोहोड़

### जल गंगा संवर्धन अभियान का जनपद पंचायत में हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

सोमवार को जनपद पंचायत सभागृह में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन समारोह संपन्न हुआ है। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष संदीप मोहड, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश लहाले,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीलिमा पाटिल, आदि प्रमुखता से उपस्थित थे।जल गंगा संवर्धन अभियान समापन समारोह को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोहड ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से सभी ग्राम पंचायत में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आयोजन के संबंध में प्रचार प्रसार और जानकारी उपलब्ध की गई है जिसके लिए सभी ग्राम पंचायत के सचिव सरपंच एवं जनप्रतिनिधि बधाई के पात्र है।मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा निरंतर विभिन्न योजनाओं आयोजनों एवं अभियानों के माध्यम से गांव के साथ-साथ पीड़ित लोगों का सर्वांगीण विकास हो इस उद्देश्य को लेकर काम किया जा रहा है।सरकार के जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत के सचिवों के द्वारा भी शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक जनता को मिले इसके लिए जमीन स्तर पर कार्य करना चाहिए।

### रामाकोना सचिव कमलाकर बोबडे ने किया पदभार ग्रहण

**सौंसर।** हाल ही में ग्राम पंचायत के सचिवों के स्थानांतरण हुये है। जिसमें बोरगांव ग्राम पंचायत में पदस्थ सचिव कमलाकर बोबडे कारामाकोना में स्थानांतरण किया गया है।सोमवार को नव पदस्थ सचिव कमलाकर बोबडे ने ग्राम पंचायत रामाकोना में पदभार ग्रहण किया है। इस दौरान जनपद पंचायत सदस्य गुलाबराव गावंडे, सरपंच श्वेता गगन गोयल, उपसरपंच संतोष चौधरी के अलावा ग्राम पंचायत के सदस्य गणों के द्वारा पदस्थापना पर नव पदस्थ सचिव श्री कमलाकर बोबडे का पुष्प माला पहनकर स्वागत सत्कार किया।



# नगर निगम 8 कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सोमवार को नगर निगम सभाकक्ष में निकाय के 08 कर्मचारियों के अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति उपरांत विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह में हरिराम बघेल सरानि, सत्येंद्र जैसवाल सरानि, हरिसिंह राठौर हेड फायरमैन, बसंत डेहरिया कार्य सहायक, घनश्याम सराठे स्वास्थ्य लिपिक, विनियमित कर्मचारी श्रीमती नासरा खान, प्रमोद माथुर एवं सुरेश मालवी को सेवा निवृत्ति पर पुष्प गुच्छ , फूल माला, शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में निगम के उपायुक्त आर एस बाथम, कार्यपालन यंत्री हिमांशु अतुलकर, नगरपालिक निगम के कर्मचारी संघ इकाई अध्यक्ष एवं कार्यालय अधीक्षक मोहन नागदेव, मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम कर्मचारी संघ प्रदेश सचिव सुनील राजपूत, जिला अध्यक्ष प्रशांत घोंगे, अटल नगरीय संघ के अध्यक्ष प्रीतम चौरिया, सफाई मजदूर संघ अध्यक्ष नीरज गोदरे, अटल नगरीय संघ के इकाई अध्यक्ष सुजीत नामदेव, स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मालवी आदि मौजूद रहे।

# सीएम ने जल संवर्धन में उत्कृष्ट कार्य के लिए निगम को किया सम्मानित

### खंडवा में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए महापौर एवं निगमायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



शासन द्वारा 30 मार्च से 30 जून 2025 तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिसके अनुसार महापौर विक्रम अहके की सहभागिता से जिला कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में निगमायुक्त चंद्रप्रकाश राय द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसके फलस्वरूप उत्कृष्ट कार्य हेतु खंडवा में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा महापौर विक्रम अहके एवं नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय को सम्मानित किया गया।

इस अभियान के अंतर्गत नगरीय सीमा में शहरी सीमा के बिगड़े बाग बगीचों को चिन्हांकित कर उनका हरित विकास किया गया। इसमें चिन्हित 12 पार्कों का पुनरुद्धार भी किया गया। इन पार्कों में ओपन जिम, ग्रीन लॉन, लाइटिंग, योग प्लेटफार्म, पेयजल सुविधा, बच्चों के झूले, लोहे के गेट, वॉकिंग ट्रैक, वाटर पाइपलाइन, पेवर ब्लॉक, पौधारोपण, जल निकासी व्यवस्था वाटरिंग सिस्टम एवं प्ले एरिया के विकास किया गया।




### शिमला, भिंडी, टमाटर की बढ़ी कीमत, रसोई का बजट बिगड़ा

# बारिश में सब्जियों के दामों में आया उछाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



बारिश का मौसम शुरू होते ही सब्जियों के दामों में उछाल आने लगा है। कुछ सब्जियों के दामों ने तो घर के रसोई का बजट तक बिगाड़ दिया है।

बारिश सीजन आते ही सब्जियों ने अपने रंग बदलना शुरू कर दिए है। सब्जिया धीरे धीरे रसोईघर से दूरी बनाने लगी है। सब्जियों ने स्वाद बिगाड़ना शुरू कर दिया है। आवक कम होने और मांग अधिक होने से शिमला, भिंडी, टमाटर और बरबटी की आवक कम हो गई है। इनके तीनों सब्जियों के दामों ने शौकीनों का स्वाद बिगाड़ दिया है। शिमला मिर्च पिछले एक समाह में 80 रुपए पर पहुंच गए है। इसमें तकरीबन 30 रुपए किलो की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वहीं टमाटर भी 50 से 60 रुपए किलो पर पहुंच गए है। इसी तरह भिंडी और बरबटी 60-60 रूपए किलो पर है। अन्य सब्जियां 20 से 40 रूपए किलों पर चल रही है। थोक सब्जी मंडी के व्यापारी कुशवाह ने बताया कि बारिश के कारण सब्जी की पैदावार कम हो गई है। इसलिए आवक कम हो रही है। फिलहाल अधिकांश सब्जियों की बाहर से आवक हो रही है। इसलिए सब्जियों के दाम महंगे हो गए है। फिलहाल दो महीने इसी सब्जियों के दाम इसी तरह बने रहेंगे। बारिश के बाद लोकल सब्जियों की आवक के बाद दाम में कमी आएगी। एक महीने पहले सब्जियों के दाम आम लोगों की पहुंच में थे। सब्जिया रसाईघर में घरवालों का स्वाद बढ़ा रही थी। एक महीने में सब्जियों के दामों का ग्राफ ने आसमानी ऊंचाइयों को छूना शुरू कर दिया है। सब्जियां 10-30 रूपए किलो तक थी। बारिश के कारण सरिया ने अपने रग दिखा दिए है।

**सब्जियों के दाम**

| | |
|---|---|
| आलू | 25 |
| प्याज | 20 |
| मिर्ची | 60 |
| धनिया | 30-40 |
| अदरक | 40-50 |
| लहसून | 100-200 |
| पत्ता गोभी | 20 |
| लोकी | 20-30 |
| गवार फल्ली | 40 |
| परमल | 40 |
| कुंदरू | 40 |

### जिले में अभी तक 164.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 164.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 152.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 30 जून 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 15 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 30 जून 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 5.8, मोहखेड़ में 12, तामिया में 08, चौरई में 9.4, हर्रई में 28.6, बिछुआ में 13.4, परासिया में 11.5, जुन्नारदेव में 22.4, चांद में 12.4 और उमरेठ में 42.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 149.2, मोहखेड़ 201.5, तामिया में 126, अमरवाड़ा में 213.2, चौरई में 136.4, हर्रई में 187.6, बिछुआ में 113, परासिया में 113.4, जुन्नारदेव में 146.4, चांद में 163.1 और उमरेठ में 266.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।



## कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# भाजपा आदिवासियों का छीन रही हक और अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भाजपा की सरकार का आदिवासी समाज पर अत्याचार पूरी गति से जारी है जिसके चलते आदिवासी समाज मप्र में अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहा है। जल, जंगल और जमीन के मूल बाशिंदे कहे जाने वाले आदिवासियों को भाजपा जमीन और जंगल से पूरी तरह बेदखल करने में आक्राम ढंग से भिड़ चुकी है। मप्र के प्रत्येक जिले में आदिवासियों की जमीनों को नियमों के विरुद्ध जाकर गैर आदिवासियों को बेचा जा रहा है और अब मप्र के ही देवास जिले के खातेगांव तहसील के एक ग्राम पंचायत खिवनी में वर्षों से निवासरत आदिवासी समुदाय के घरों को मप्र शासन वनविभाग द्वारा बुल्डोजर चलाकर जमींदोज किया जा रहा है, जिसके विरोध में जिला कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ छिन्दवाड़ा के



पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा और अविलम्ब आदिवासियों पर जारी अत्याचार पर रोक लगाने की मांग की।

कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ ने 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा जिसमें उल्लेख किया कि दिनांक 23 जून 2025 को पुलिस बल और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में बुल्डोजर चलाकर तोड़ दिया गया। वन विभाग के कर्मचारी द्वारा पीड़ति आदिवासी परिवार के साथ मारपीट एवं अमानवीय व्यवहार मप्र शासन के कर्मचारियों द्वारा किया गया। इसके पूर्व भी दिनांक 14 जून 2025 को एक आदिवासी महिला के साथ वन विभाग के कर्मचारी द्वारा छेड़छाड़ की गई। पीड़ति को न्याय दिलाने के लिए ग्रामीणजनों और सामाजिक संगठनों ने स्थानीय थाने के सामने लगातार 10 घंटे धरना दिया इसके पश्चात 16 जून 2025 को आरोपी वनकर्मी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध की गई, किन्तु चिंताजनक बात यह है कि पीड़ति के पति पर शासकीय कार्य में बाधा डालने का भी अपराध कायम किया गया। शासकीय नौकरी का दुरुपयोग करते हुए वन विभाग के अधिकारियों ने पीड़ति परिवार को फिर डराने की कोशिश की। उक्त वनकर्मी को तत्काल प्रभाव से महिला के साथ अभद्रता करने वाले वनकर्मी पर न्यायिक प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए सेवा से बर्खास्त किया जाए। वन विभाग के एक्ट 2006 और इंडियन फॉरेस्ट एक्ट 1927 के अनुसार आदिवासी समुदायों का जंगल पर अधिकार सुरक्षित है। मप्र की भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा आदिवासी वर्ग पर अत्याचार व शोषण हो रहा है। प्रदेश में लगातार संवैधानिक तरीके से परंपरागत वन निवासियों को अपनी जमीन से बेदखल करने का षड्यंत्र चल रहा है।

### सेवानिवृत्त कर्मचारी को दी भावभीनी विदाई



**जुन्नारदेव** : शासकीय श्री नंदलाल सूद उत्कृष्ट विद्यालय में कार्यरत विनोद मोहबिया को विद्यालय परिवार ने उनकी सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई।32 वर्ष की सेवा अवधि के पश्चात विदाई दी गई। विद्यालय में आयोजित समारोह में विद्यालय परिवार के मुखिया प्राचार्य सी एस दीक्षित द्वारा उनके द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की गई। तथा विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें उपहार शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषित की गई। इस दौरान सेवानिवृत्ति कर्मचारी के परिवार से उनकी पत्नी शांति महोबिया, पुत्र अमन, आकाश एवं पुत्रवधू आरती महोबिया उपस्थित थे। कार्यक्रम में विद्यालय से प्राचार्य सी एस दीक्षित, वरिष्ठ शिक्षिका वर्षा बंदेवार, माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक संजीव पांडे सहित शासकीय श्री नंदलाल सूद उत्कृष्ट विद्यालय एवं शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिका एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

## तीन शालाओं में बांटे पेन, कॉपियां, स्केल एवं रबर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज होपवेव फाउंडेशन ने विकासखंड की शासकीय माशा. खैरीपैका, शा. प्राशा. रजाडीखापा तथा शा. प्राशा. इंदिरा गांधी में कक्षा 1 से 8 तक के छात्र छात्राओं को निशुल्क स्कूल किट उपहार में दी। इस स्कूल किट में कॉपियां, पेन, पेंसिल, स्केल तथा रबर का समावेश है। संस्था के अनुसार कुल 154 विद्यार्थियों को स्कूल किट प्रदान की गई। इस मौके पर होपवेल फाउंडेशन के संयोजक अनिश शाह ने कहा कि हम चाहते है कि संसाधनों की कमी से किसी भी बच्चे की शिक्षा प्रभावित ना हो। भविष्य में भी हमारी संस्था इस ओर गंभीरता से प्रयास करती रहेगी।
इस कार्यक्रम में होपवेव फाउंडेशन के संयोजक अनिश शाह, परिता अनिश शाह, कल्पेश शाह, दीपाली शाह, शैलेष शाह, नीता शाह, राजू शाह, मीनाक्षी शाह, सुरेश बिसेन तथा जयश्री कुंभलकर कृष्णकुमार डोबले, बीईओ एचबी हांडे, बीआरसी मोरेश्वर ब्रम्हे तथा शालेय शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## सांसद की पदयात्रा में शामिल हुए बिछुआ के भाजपा नेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

सोमवार को भाजपा मंडल बिछुआ/खमारपानी के पदाधिकारी सांसद विवेक बंटी साहू जी द्वारा निकाली जा रही है पदयात्रा में शामिल हुए,छिंदवाड़ा से खंडवा तक चलने वाली ये पदयात्रा 26 जून से छिंदवाड़ा से प्रारंभ हुई है जो कि 9 जुलाई को धूनी वाले दादाजी दरबार खंडवा में जाकर समाप्त होगी,लगभग 400किलो मीटर की इस पदयात्रा में सांसद विवेक बंटी साहू जी के साथ सैकड़ों भक्त जन भी उनके साथ पदयात्रा कर रहे है,इसी तारतम्य में यात्रा के 5वे दिन सांसद विवेक बंटी साहू जी की पदयात्रा पांढुरना से प्रारंभ हुई जो कि मूलताई में जाकर समाप्त हुई, मुलताई में पदयात्रा में चलने वाले भक्तों ने रात्रि विश्राम किया । इस दौरान सांसद विवेक बंटी साहू,न.प अध्यक्ष रामचंद्र बोबडे,जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,मंडल अध्यक्ष द्वय शैलेश चोपड़े,गोपाल कवरेती,महामंत्री विजेंद्र सिंह दीक्षित,वरिष्ठ नेता मारुति कोचे,प्रकाश भूरा चोपड़े,आनेत बन,रजत वानखेड़े,वेदप्रकाश पटेल,मनोज साहू,देवेंद्र राउत,मोनू पवार,शुभम साहू,हर्ष चोपड़े,सहित बिछुआ/खमारपानी के कार्यकर्ता बंधु एवं श्रद्धालु गण मौजूद रहे।

## नाली निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

स्थानीय वार्ड क्र-09 में लगभग 7.75 लाख रु की नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। स्थानीय वार्ड क्र-09 में रविशंकर स्कूल से सोनल जयसवाल के घर तक लगभग 7.75 लाख रु की लागत से बनने वाली 250 मीटर आर आर सी सी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, नपा उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे, अपील समिति सदस्य संजय जैन, वार्ड पार्षद अमित कुमार यादव, पार्षद प्रमोद बंदेवार की प्रमुख उपस्थिति में किया गया, इस अवसर पर भाजपा नेता शरद कुरोलिया, दीपेश जैन, मितेश जयसवाल, विशेष चौरसिया सहित उक्त निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार मोहित यादव निकाय के कर्मचारी उपस्थित थे नगर पालिका अध्यक्ष रमेश जी ने कहा कि प्रत्येक वार्डों मैं विकास कर जारी है नगर की जनता की मांग पर वार्डों में विकास कार्य किया जाएगा सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास से ही नगर विकास की ओर अग्रसर रहेगा मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे ने कर की गुणवत्ता एवं मापदंड अनुरूप निर्माण की बात कही

### डॉ नागवंशी को मिला राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार

**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापक, राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई की अधिकारी डॉ रश्मि नागवंशी को राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। डॉ नागवंशी द्वारा लगभग दो दशक से भी अधिक समय से राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई में अधिकारी के रूप में कार्य किया जा रहा है, उनके कुशल मार्गदर्शन और नेतृत्व में महाविद्यालय की छात्राओं ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया है। पूर्व में भी रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा जिला स्तरीय श्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी का सम्मान इन्हें प्रदान किया जा चुका है। वर्तमान में इनके उत्कृष्ट कार्यो के चलते इन्हें राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

## जलगंगा संवर्धन कार्यक्रम का हुआ समापन



**पांढुर्ना।** आज स्थानीय नगरपालिका परिषद के सभागार में कलेक्टर अजय देव शर्मा की प्रमुख उपस्थिति में सीएमओ राजकुमार इवनाती ने आज जलगंगा संवर्धन कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर नगरपालिका के नोडल अधिकारी सोनू सकरवार द्वारा नगरीय क्षेत्र में अभियान के तहत किया गया वृक्षारोपण, रेनवॉटर हार्वेस्टिंग, नपा के सार्वजनिक कुंओ की सफाई, स्लोगन तथा चित्रकला कराए जाने बाबत विवरण प्रस्तुत किया गया।

## प्राइवेट स्कूलों की शुरू हुई दुकानदारी : बिना एमआरपी की बेच रहे कॉपी-किताब, तय दुकानदार से ही क्रय करने किया जा रहा बाध्य

हरिभूमि न्यूज कटंगी।




शिक्षा का नया सत्र शुरू होते ही निजी स्कूलों ने पहले की तरह अपनी मनमानी करनी शुरू कर दी है. स्कूल संचालक बिना एमआरपी की कॉपी कवर पर अपने स्कूल का नाम प्रकाशित करवाकर बेच रहे हैं. प्रदेश सरकार के फरमान के बावजूद स्कूल संचालक ही कॉपी-किताबों के प्रकाशक बनकर अपनी दुकानदारी चला रहे है. हैरानी की बात तो यह है कि जिला शिक्षा अधिकारी से लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी ऐसे स्कूलों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे है और ना ही इस ओर उनका ध्यान है. विकासखंड कटंगी के चुनिंदा प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चों को एडमिशन करवाने वाले अभिभावकों ने नाम ना प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि स्कूल संचालक एक तय दुकान से ही किताबें, ड्रेस, जूते इत्यादि खरीदने के लिए बाध्य कर रहे है. यह दुकानदार जो कॉपी बाजार में 50 रुपये की मिल रही है उसे स्कूल का नाम लिखा होने की वजह से 100 रुपये की कीमत बेच रहे हैं. स्कूलों द्वारा निर्धारित की गई जिन दुकानों में कॉपियां बेची जा रही है उन कॉपियों में एमआरपी तक अंकित नहीं है, लेकिन फिर भी यह कमर्शियल स्केल पर बेची जा रही हैं जो सरासर नियमों का खुला उल्लंघन और उपभोक्ता के अधिकारों का हनन है. बता दें कि प्राइवेट स्कूलों में नियमानुसार एनसीईआरटी की किताबों से ही अध्ययन करवाया जाना चाहिए लेकिन स्कूल संचालक अतिरिक्त पुस्तकों को सिलेबस में जोड़ रहे है।

कटंगी के कुछ बड़े और मीडिल कैटेगिरी के प्राइवेट स्कूल बच्चों को बिना आईएसबीएन नंबर की किताबें बेच रहे है. ऐसी जानकारी भी सामने आई है. दरअसल, स्कूल संचालकों के इन किताबों को मनमाने दाम पर बेचा रहा है. जिससे जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है लेकिन बच्चों के भविष्य की चिंता करने वाले अभिभावक इस बात की खुलकर शिकायत तक नहीं कर पा रहे है. वैसे तो आईएसबीएन कानूनी रुप से अनिवार्य नहीं है किंतु जब बड़े स्तर पर किताबें बेची जा रही है और इससे मोटा मुनाफा कमाया जा रहा है तो आईएसबीएन होना आवश्यक माना जाता है. क्योंकि बिना आईएसबीएन की किताबों के मनमाना दाम वसूल किया जा रहा है. स्कूल संचालक इन किताबों को बेचकर जीएसटी की चोरी भी कर रहे है. वहीं स्कूल संचालक हर वर्ष किताबों को बदल रहे है जिस कारण एक बार खरीदी गई कोई भी किताब आने वाले नए शैक्षणिक सत्र में दूसरे बच्चे के काम ना आए।

### इनका कहना है

जब तक हमारे पास किसी तरह की लिखित शिकायत नहीं आती तब तक किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई ऐसे ही नहीं की जा सकती. अभिभावक चाहे तो डीईओ, बीईओ के पास शिकायत करें जिसके बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

**रविन्द्र हरिनखेड़े, बीआरसी कटंगी**

### जिले को उच्चतम गुणवत्ता वाले आभूषणों की मंडी बनाने का लिया गया संकल्प

## सराफा एसोसियेशन वारासिवनी और बीआईस का जिला स्तरीय जागरूकता सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

सराफा एसोसियेशन वारासिवनी और बीआईस विभाग नागपुर जोन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय सराफा व्यापारी बंधु, रिटेलर, होलसेलर, कारीगर, मेनुफेक्चरर एवं सराफा व्यापार से जुड़े सभी लोगों का अवेयरनेस प्रोग्राम वारासिवनी में संपन्न हुआ।

इस आयोजन में मुख्य अतिथि निशा वी कणबर्गी वैज्ञानिक डी/संयुक्त निदेशक बीआईस विभाग नागपुर जोन, नरेश मेश्राम बीआईस प्रतिनिधि, कार्यक्रम अध्यक्ष अनिल कांकरिया धरम ज्वेलर्स बालाघाट एवं वरिष्ठ मार्गदर्शक, राकेश सोनी आल इंडिया गोल्ड स्मिथ फेडरेशन के बालाघाट जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ सराफा व्यवसायी मानक सोनी बालाघाट आदि मंचासीन रहे।

इस आयोजन का शुभारंभ भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित



कर राष्ट्रीय गीत का गायन कर किया गया। तत्पश्चात राकेश सोनी द्वारा इस आयोजन के महत्व, आवश्यकता और जागरूकता को लेकर सभी उपस्थित जनों को दिशा निर्देश के साथ स्वागत उद्बोधन दिया गया।

बीआईस विभाग नागपुर जोन की संयुक्त निदेशक निशा वी कर्णबर्गी द्वारा विभाग एवं केंद्र सरकार द्वारा सराफा हालमार्क संबंधित नियम एवं आयोजन की जरूरत को लेकर विषय रखकर अपनी तकनीकी टीम के साथ प्रोजेक्टर पर विभिन्न मानक स्तर, रजिस्ट्रेशन, बीआईस एप्लिकेशन, उपभोक्ताओं को उच्चतम गुणवत्ता के साथ पारदर्शी व्यापार करने के लिए साथ मिलकर व्यवस्था बनाने और सभी व्यापारियों के रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

व्यापार की समस्याओं पर मॉगे गए सुझाव

इस आयोजन के सबसे महत्वपूर्ण सत्र ओपन हाउस डिस्कसन में व्यापारियों और कार्यक्रम अध्यक्ष अनिल कांकरिया ने सभी के प्रतिनिधि के रूप में खुलकर अपनी समस्याएं बताई, आगामी समय में व्यापार के लिए सुझाव दिए और विभाग से तकनीकी और जमीनी स्तर पर सहयोग की मांग रखी। इस सत्र में संपूर्ण जिले के प्रत्येक एसोसियेशन के सराफा बंधुओं ने सक्रियता से अपने अनुभवों के आधार पर सवाल कर उत्तम और विधि सम्मत व्यापार करने के लिए जानकारी प्राप्त की।

इस चर्चा में मुखर रूप से विभाग और नियमों के लिए जमीनी स्तर पर पंजीकृत व्यापारियों को आ रही समस्या और उनके निदान के लिए सुझाव भी विभागीय अधिकारियों के समक्ष रखे गए। जिस पर भी सभी पक्षों में आपसी सहमति और सहयोग से पूरे बालाघाट जिले को उच्चतम गुणवत्ता वाले आभूषणों की मंडी बनाने के लिए जरूरी उपाय के लिए संकल्प लिया गया। इससे विभाग का उपभोक्ता हित में लक्ष्य और व्यापारी के लिए खुद को ब्रांड के रूप में स्थापित करने के लिए सुविधाजनक रास्ते बनने का मार्ग प्रशस्त हो, इस कार्यशाला जैसे आयोजन का महत्व भी सभी ने महसूस किया।

### बाल-बाल बचे पिता-पुत्र, जराहमोहगांव में अनियंत्रित हुई कार



**कटंगी।** तहसील मुख्यालय कटंगी से करीब 15 किमी. दूर कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम जराहमोहगांव में एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे उतर गई. हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई जबकि कार में सवार पिता-पुत्र दोनों बाल-बाल बच गए. हादसा सोमवार 30 जून की सुबह करीब 08 बजे के आस-पास हुआ है. दोपहर 02 बजे थाने में सड़क हादसे की सूचना दी गई. मिली जानकारी अनुसार कार क्रमांक एमपी 22 सीए 4373 अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई. कार में सिवनी निवासी प्रकाश मोदी और उनके पिता दिलीप कुमार मोदी सवार थे. प्रकाश अपने पिता को गोंदिया छोड़ने के लिए जा रहे थे. सिवनी से बालाघाट की ओर सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर होने की वजह से उन्होंने कटंगी से जराहमोहगांव के रास्ते गोंदिया जाने का फैसला किया था. सोमवार की सुबह लगातार रिमझिम बारिश के बीच जराहमोहगांव के पास में मोढ़ाई में कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई।

### पूर्व विधायक किशोर समरीते ने कि थी शिकायत, 1000 करोड़ रुपए के कथित कमीशन लेने का लगाया था आरोप

## एक हजार करोड़ कमीशन के आरोप में PHE मंत्री संपतिया उईके के खिलाफ जांच के आदेश

**हरिभूमि न्यूज लाँजी ।** मध्यप्रदेश की आदिवासी मंत्री संपतिया उईके पर 1000 करोड़ रुपए कमीशन लेने के आरोप लगे हैं। इस पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग ने अपने ही विभाग की मंत्री के खिलाफ जांच बैठा दी है। प्रमुख अभियंता (ईएनसी) संजय अंधवान ने जांच के आदेश प्रधानमंत्री से की गई शिकायत और केंद्र की ओर से मांगी गई रिपोर्ट के बाद दिए हैं।

मध्य प्रदेश में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (PHE) विभाग खुद अपनी मंत्री के खिलाफ जांच कर रहा है। पीएचई मंत्री संपतिया उईके पर 1000 करोड़ रुपए के कथित कमीशन लेने के आरोप हैं। ये जांच प्रधानमंत्री को भेजी गई शिकायत और केंद्र सरकार के निर्देश पर शुरु हुई है। पूर्व विधायक किशोर समरीते ने यह शिकायत 12 अप्रैल 2025 को की थी।

**दो कार्यपालक अभियंताश्ल और सीनियर इंजीनियर भी रडार पर:** PHE विभाग के प्रमुख अभियंता (चीफ इंजीनियर) संजय अंधवान ने जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने सभी मुख्य अभियंताओं और जल निगम परियोजना निदेशकों को चिट्ठी भेजी है। सात दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा गया है। हालांकि



अंधवान ने मीडिया के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। चिट्ठी में कहा गया है कि केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन के 30 हजार करोड़ खर्च किए हैं, इसकी जांच की जाए कि ये पैसा कहा गया है। इसके साथ ही पीएचई मंत्री संपतिया उईके और उनके लिए EE के खिलाफ जांच के भी आदेश दिए हैं।

**मंत्री, इंजीनियर और संपत्ति की जांच का दायरा:** चिट्ठी में यह भी उल्लेख है कि मंत्री संपतिया उईके और मंडला जिले के कार्यपालन यंत्री की संपत्तियों की जांच की जाए। इन पर आरोप है कि उन्होंने मंत्री के लिए कमीशन वसूला। इसके अलावा बैतूल, छिंदवाड़ा और बालाघाट के इंजीनियरों के खिलाफ भी जांच जारी है।

**बैतूल में बिना काम के निकाले 150 करोड़:** पूर्व विधायक किशोर समरीते ने शिकायत में दावा किया गया कि बैतूल के एक इंजीनियर ने बिना काम कराए 150 करोड़ रुपए निकाल लिए। इसी तरह जल निगम के डायरेक्टर जनरल और अन्य इंजीनियरों पर भी एक-एक हजार करोड़ का कमीशन लेने का आरोप है। वहीं पूर्व चीफ इंजीनियर बीके सोनगरिया पर आरोप है कि उन्होंने अपने अकाउंटेंट के जरिए 2 हजार करोड़ का कमीशन लिया।

**टेंडर और फर्जी प्रमाण पत्रों का खेल:** शिकायतकर्ता समरीते का दावा है कि मुख्य अभियंता मैकेनिकल ने 2200 टेंडरों पर कोई काम नहीं कराया, फिर भी राशि निकाल ली।साथ ही 7 हजार फर्जी काम पूर्णता प्रमाण पत्र केंद्र सरकार को भेजे गए।उन्होंने इसे देश का सबसे बड़ा घोटाला बताया और सीबीआई जांच की मांग की है।

पूर्व विधायक समरीते का कहना है कि मंत्री संपतिया उईके ने राजगढ़ और मंडला के कार्यपालन यंत्रियों के जरिए कमीशन लिया।उन्होंने दावा किया कि राजगढ़ से ट्रांसफर होकर बैतूल आए अधिकारी भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री को भेजी शिकायत के बाद ही यह जांच शुरु हुई है।

### कोठा जलने से करीब डेढ़ लाख के नुकसान का अनुमान

## महकेपार में शार्ट सर्किट से लगी आग

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



तिरोड़ी तहसील के पठार अंचल की ग्राम पंचायत महकेपार में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात्रि करीब ढाई से तीन बजे के बीच बिजली के तारों में शार्ट सर्किट होने से पशुओं को बांधने वाले कोठे में अचानक से आग भड़क गई. आगजनी की इस घटना में पशु चारा और अन्य सामग्री जलकर राख हो गई. करीब डेढ़ लाख रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया गया है. सोमवार की सुबह साढ़े 11 बजे महकेपार के वार्ड क्रमांक 11 निवासी पीड़ति टोलीराम सोनवाने ने जानकारी देते हुए बताया कि रात्रि के वक्त जब पूरा परिवार गहरी नींद में सोया हुआ था तभी अचानक से पशुओं को बांधने वाले कोठे में आग भड़क गई. आग की गर्मी से परिवार की नींद खुली तो देखा कोठे में आग लगी हुई थी. आनन-फानन में मवेशियों को कोठे से बाहर निकाला गया और आग पर काबू पाने की कोशिश की गई लेकिन पशुचारा होने के कारण आग तेजी से भड़क गई. पीड़ति ने सोमवार की सुबह होते ही ग्राम पंचायत, तहसील और हल्का पटवारी को सूचना देकर मुआवजा प्रदान करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### एमपी ट्रांसको में विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ सत्यापन की प्रक्रिया आज से

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (एमपी ट्रांसको) द्वारा कनिष्ठ अभियंता (पारेषण-प्रशिक्षु) एवं लाइन परिचारक (प्रशिक्षु)-2024 के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ सत्यापन की प्रक्रिया 1 जुलाई से प्रारंभ होगी। यह प्रक्रिया 3 जुलाई 2025 तक चलेगी। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता अतुल जोशी ने बताया कि सत्यापन प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से एमपी ट्रांसको मुख्यालय, शक्तिभवन, ब्लॉक-2, मुख्य अभियंता (मानव संसाधन एवं प्रशासन) कार्यालय, जबलपुर में किया जाएगा। उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाइन आवेदन के साथ अपलोड किए गए प्रमाण पत्र, अंकसूचियाँ एवं अन्य दस्तावेज़ों का परीक्षण उनकी मूल प्रतियों से किया जाएगा।

### पटवारी संघ ने स्थानांतरण नीति का किया विरोध, कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

# पटवारियों की मांगे नहीं मानी तो होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत मध्यप्रदेश पटवारी संघ की जिला शाखा सिवनी ने सोमवार को रैली निकाली और कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश के पटवारियों की कई लंबित मांगों को लेकर शीघ्र समाधान की मांग की गई।पटवारी संघ जिलाध्यक्ष सुदेश ठाकुर ने ज्ञापन में कई प्रमुख मुद्दे उठाये। पटवारी संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में स्थानांतरण नीति में अनियमितताओं, वेतनमान, पदोन्नति, विभागीय परीक्षा, गोपनीय चरित्रावली, अवकाश दिवसों में कार्य जैसे मुद्दों के अलावा, स्वामित्व योजना का मानदेय भुगतान और साइबर तहसील की कार्यप्रणाली में देरी की समस्या उठाई गई। सिवनी में नियम विरुद्ध स्थानांतरण का आरोप संघ ने सिवनी जिले में नियम विरुद्ध स्थानांतरण होने और नवीन पटवारियों को पूर्ण वेतन नहीं मिलने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। संघ का आरोप है कि पात्र पटवारियों को स्थानांतरण योजना का लाभ नहीं मिल रहा, जबकि कुछ स्थानांतरण नियमों के विरुद्ध किए गए हैं, जिससे भारी असंतोष है। वही संविलियन स्थानांतरण नीति के तहत पात्र पटवारियों को स्थानांतरण लाभ नहीं मिला है।पति-पत्नी पटवारी होने पर भी एक ही जिले में पदस्थापना नहीं मिली है। गंभीर बीमारी और म्यूचुअल ट्रांसफर के मामलों में भी कई पटवारी वंचित हैं। नए जिलों में कार्यरत पटवारियों को मूल जिलों में स्थानांतरण की अनुमति नहीं मिली है।समान कार्य-समान वेतन की मांग लंबे समय से लंबित है। पटवारियों की योग्यता बढ़ाई गई है। उन्हें सीमांकन जैसे कार्य दिए गए हैं। लेकिन वेतनमान नहीं बढ़ाया गया है। 2018 से कैडर रिव्यू भी लागू नहीं हुआ है।

पदोन्नति और विभागीय परीक्षा में अन्य विभागों के कर्मचारियों को लाभ मिला है। लेकिन पटवारी वंचित हैं। हजारों पटवारियों की गोपनीय चरित्रावली वर्षों से लंबित है। इससे वेतन वृद्धि और पदोन्नति रुकी है।संघ ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते मांगों का समाधान नहीं किया गया तो वे चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।ज्ञापन सौंपने के दौरान जिले के समस्त पटवारी मौजूद रहे।

### म.प्र.जूनियर वर्ग का फाईनल राउंड के मैच प्रारंभ

# प्रथम सेमीफाईनल में जबलपुर ने भोपाल को 3-0 से पराजित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

म.प्र.फुटबाल संघ द्वारा जिला फुटबाल संघ सिवनी को सौंपे गये जूनियर वर्ग के फाईनल राउंड के अन्तर्गत आज का प्रथम सेमीफाईनल मैच जबलपुर एवं भोपाल के मध्य खेला गया जिसमें दोनो टीमें मध्यांतर के पहले खेल के 38वें मिनट में जबलपुर के यशराज ने 1 गोल मारकर टीम को बढ़त दिला दी। मध्यांतर के पश्चात जबलपुर के नागेन्द्र ने खेल के 51वें मिनट एवं 85वें मिनट में एक के बाद एक लगातार 2 गोल मारकर टीम को 3-0 से विजयश्री दिलाई एवं फाईनल खेलने के लिए पात्रता हासिल की। इस मैच के निर्णायक श्री रासिद खान जुन्नारदेव एवं सहायक निर्णायक श्री शिवानंद नंदा नैनपुर,श्री मुकेश तिलासी बालाघाट तथा फोर्थ रैफरी श्री नीतेश मरावी रहे। आज का दूसरा सेमीफाईनल मैच बालाघाट एवं इंदौर के मध्य खेला गया जिसमें बालाघाट की टीम 3-0 से विजयी रही। बालाघाट की ओर से 60वें मिनट में अर्थव चैहान 66वें मिनट में अर्थवन नायडू तथा 70वें मिनट कृष्णा ने किया फलस्वरूप बालाघाट की टीम ने भी कल फाईनल में खेलने की पात्रता हासिल की। इस मैच के निर्णायक श्री विजेन्द्र सिंह परमार सीहोर एवं सहायक निर्णायक श्री शाहरूख खान टीकमगढ़,श्री नीतेश मरावी सिवनी तथा फोर्थ रैफरी श्री शिवानंद नंदा नैनपुर रहे। प्रतियोगिता में भोपाल के प्रशांत मैच कमिश्नर की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

आज के खेले गये प्रथम मैच में जिला फुटबाल संघ सिवनी के उपाध्यक्ष द्वय श्री नरेन्द्र ठाकुर (गुड्डू) श्री इरफान खान के साथ-साथ श्री मुनिया टॉक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। दूसरे मैंच में खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमति मनु धुर्वे ने खिलाड़ियों परिचय प्राप्त किया।

कल प्रातः 9:00 बजे तृतीय एवं चतुर्थ स्थान के लिये इंदौर एवं भोपाल के मध्य मैच खेला जायेगा जबकि फाईनल मैंच अपरांह 2:30 बजे जबलपुर एवं बालाघाट के मध्य खेला जायेगा।

# आशीष यादव करेंगे हैदराबाद में मध्यप्रदेश का नेतृत्व, 24वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशु स्पर्धा में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिले के होनहार खिलाड़ी आशीष यादव का चयन तेलंगाना के हैदराबाद में आयोजित होने जा रही 24वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशु स्पर्धा के लिए मध्यप्रदेश टीम में हुआ है। वे 1 से 6 जुलाई तक गाचिबौवली स्टेडियम में होने वाली प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का नेतृत्व करेंगे। आशीष ने यह उपलब्धि जबलपुर में 2-3 मई को आयोजित राज्य स्तरीय वुशु स्पर्धा में हासिल की। यह प्रतियोगिता खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अंतर्गत रानीताल इंडोर हॉल में हुई थी। इस आयोजन में सिवनी जिला वुशु संघ के सचिव एवं कोच सोहन लाल सेन के नेतृत्व में सिवनी के खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जहाँ टीम ने 11 स्वर्ण, 9 रजत और 3 कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। आशीष यादव ने कुंगफू सॉफ्ट वेपन्स स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्पर्धा में स्थान सुनिश्चित किया। इसके साथ ही वे देवास में भारतीय वुशु संघ द्वारा आयोजित चयन स्पर्धा से भी चयनित हुए हैं। खिलाड़ी महावीर व्यायामशाला, सुभाष वार्ड, सिवनी में प्रशिक्षित हो रहे हैं, जहाँ उन्हें वर्ष भर निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। यह संस्था लगातार राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ी तैयार कर रही है। आशीष के राष्ट्रीय स्पर्धा में चयनित होने पर सिवनी विधायक मुनमुन राय, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी मनु धुर्वे, जिला क्रीड़ा अधिकारी जस्सी थॉमस, महावीर व्यायामशाला अध्यक्ष प्रसन्न मालू, तथाशंकर लाल सोनी , मनीष मिश्रा मोनू विधायक प्रतिनिधि, संचालक धीरज पाल , देवेंद्र ठाकुर , अनिल राजपूत, संदीप मिश्रा, भावना गायकवाड़, सुनील मर्सकोले, छिद्दी लाल श्रीवास ,हीरा लाल सोनी , किशोर यादव,रामायण पटेल, चंचल दास आहूजा ,विनोद सोनी, दादू निखिलेंद्र सिंह ,अंकित मिश्रा, राकेश मालवीय, संदीप नेमा, शीतल नामदेव, मनीष साठवने आकाश सोनी, प्रतीक कौशिक ,प्रकाश कुशवाह,संतोष नामदेव, नरेश नामदेव,मनीष तुमन्ने जिला वुशु संघ एवं व्यायामशाला के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं।

# चातुर्यमास में वेदान्त का पठन पाठन होता है, यह सनातन का वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



चातुर्यमास में वेदान्त का पठन पाठन होता है, यह सनातन का वार्षिक उत्सव है। उक्ताशय की बाते द्वारका शारदा पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी महाराज के परमहंसी गंगा आश्रम में आयोजित चातुर्यमास के संबंध में रजवाड़ा लान आयोजित बैठक में ब्रह्मचारी द्वय निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज तथा ब्रह्मविद्यानंद जी महाराज ने कही।

परमहंसी गंगा आश्रम से पधारे ब्रह्मचारी निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज कहा कि यह सिवनी बड़ी ही पुण्य भूमि है जो यहां द्वीपीठाधीश्वर ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य जी की प्रकट हुए और परमहंसी कर्मभूमि है यहाँ गुरुजी अंतर्ध्यान हुए इसीलिए यह दोनों भूमि पूण्य और पवित्र है सिवनी वासियो को गुरु जी इस आश्रम में जरूर आना चाहिए अभी तो यह परम् पवित्र अवसर चार्यमास के रूप में हमे मिल रहा यहां शंकराचार्य जी महाराज का परम सान्निध्य मिलेगा इस अवसर पर यहाँ वेदान्त का पठन-पाठन होगा, कथा सत्संग होगा, गुरुपूजन का विशेष दिन गुरुपूर्णिमा रहेगी, ब्रह्मलीन गुरुदेव का प्राकट्य उत्सव तथा वर्तमान आचार्य जी का अवतरण दिवस भी इसी दौरान हमे मनाने को मिलेंगे, ब्रह्मचारी जी ने कहा कि हमे सनातन के मूल से जुड़े रहने चाहिए और वह मूल आदि शंकराचार्य जी की यह शांकर परम्परा है।

इस अवसर पर ब्रह्मचारी ब्रम्हाविद्यानंद जी महाराज ने कहा कि वर्तमान द्वारका शारदापीठाधीश्वर के शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी महाराज ब्रह्मलीन महाराज के पट्टशिष्य जिन्होंने महाराज का स्थानग्रहण किया है, उनका ही चातुर्यमास परमहंसी गंगा आश्रम में आयोजित हो रहा है इसमें सिवनीवासियो की महत्त्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए ठीक उसी तरह जैसे द्विपीठाधीश्वर महाराज के आयोजनों में रहती थी आपने कहा कि सनातन का पाक्षिक उत्सव एकादशी होती है मासिक उत्सव पूर्णिमा-अमावस्या उसी तरह चातुर्यमास सनातन का वार्षिक उत्सव होता है, चातुर्यमास का विशेष महत्त्व है त्रेतायुग में राम ने चातुर्यमास किया था जबकि वे आवश्यक कार्य से जा रहे थे, गुरु आज्ञा और गुरु कार्य हमारा उत्कर्ष होता है।

इस अवसर पर आध्यात्मिक उत्थान मण्डल के सदस्य, मातृधाम-गुरुधाम परिवार, गीता पराभक्ति मण्डल की महिला तथा पुरुष वर्ग तथा धनोरा, छपारा, लखनादौन सहित ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिनिधि, एवम बड़ी संख्या में गुरु परिवार के सदस्य उपस्थित थे, और सभी ने इस बैठक में चातुर्यमास को सफल बनाने हेतु अपने अपने विचार और सुझाव रखे, अंत मे आभार प्रशांत तिवारी ने किया।

# बसपा 2 जुलाई को विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन देगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई सिवनी द्वारा 2 जुलाई 2025 को डॉ अम्बेडकर प्रतिमा सिवनी के पास दोपहर 12 बजे एकत्र होकर ,देवास जिला के चिंवटी ग्राम में वन विभाग द्वारा बिना कोई पूर्व सूचना एवं नोटिस के दशकों से रह रहे आदिवासी समुदाय के मकानों के ऊपर बुलडोजर चलाकर जानमाल को नुकसान पहुंचाया गया है के विरोध में एवं दूसरा पूरे मध्यप्रदेश में अनुसूचित जाति, जनजाति, एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के ऊपर अन्याय, अत्याचार, एवं शोषण हो रहा के विरोध में ,अभी एक सप्ताह पहले गोंडवाना समय सिवनी के पत्रकार को असामाजिक तत्वों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई के विरोध में एवं उचित दंडात्मक कार्यवाहीं हो इस मांग को लेकर जिला कलेक्टर सिवनी के द्वारा राज्यपाल महोदय मध्यप्रदेश शासन के नाम ज्ञापन ,उमाकांत बंदेवार जॉन प्रभारी बसपा बालाघाट के नेतृत्व में दिया जाएगा प्रेस को जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी मुन्ना चौधरी , जिला महासचिव द्वारा दी गई है एवं उक्त ज्ञापन देने हेतु सभी कार्यकर्ताओं से पहुंचने की अपील लालसिंह नंदौरे जिला अध्यक्ष बसपा द्वारा की गई है।

### अधिवक्ता नवेंदु मिश्र द्वारा नवीन पुलिस अधिकारियों को संविधान का प्रशिक्षण प्रदान किया

# संविधान ही है देश का सबसे बड़ा कानून जो मानवीय मूल्यों पर बना है

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



अधिवक्ता नवेंदु मिश्र द्वारा भोपाल स्थित पुलिस ट्रैनिंग अकादेमी भौरी मे 2025 मे चयनित आरक्षकों के नवीन बैच को संविधान का प्रशिक्षण देना प्रारंभ किया है। नवेंदु मिश्र द्वारा आरक्षकों को उनके पाठ्यक्रम के अनुसार संविधान के मूल्य, संवैधानिक नागरिक अधिकार, राज्य के नीतिनिर्देशक तत्व, मौलिक कर्तव्य, पुलिस के कार्य और नागरिकता से जुड़े विषयों पर दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही व्यवहारिक पुलिस कार्यों की चुनौतियों पर भी संवाद किया गया। अधिवकता नवेंदु मिश्र वर्ष 2022 से पुलिस अकादमी मे लगातार आने वाले अनेक बैचों को प्रशिक्षण देते या रहे है। अकादमी मे आने वाले डीएसपी, एस आई, कांस्टेबल आदि के नवीन व पदोनत होने वाले अधिकारियों को संविधान का प्रशिक्षण नवेंदु मिश्र द्वारा दिया जा चुका है। वे केवल भौरी मे ही नहीं अपितु देश के अलग अलग सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर नागरिकों मे संविधान की समझ और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने की दिशा मे काम रहे है।

नवेंदु मिश्र द्वारा अब तक अपने इस सफर मे लगभग 1000 से अधिक आरक्षकों, 100 से अधिक एस आई, एवं 50 से अधिक डीएसपी रैंक के पुलिस अधिकारियों को संविधान का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसके साथ ही देश भर मे नवेंदु द्वारा लगभग 2000 से ज्यादा नागरिकों व नागरिक समूहों को संविधान की व्यावहारिक समझ के साथ जोड़ा जा चुका है।

# जनपद सीईओ श्रद्धा सोनी को स्थानांतरण पर दी गई विदाई

**घंसौर।** घंसौर जनपदपंचायत घंसौर में पदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी मति श्रद्धा सोनी के मंडला जिला के निवास जनपद पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर स्थानांतरण होने पर आज जनपद पंचायत घंसौर में उनके सभी शुभचिंतकों एवं जनपद पंचायत घंसौर के जनपद सदस्य भाजपा कांग्रेस के जनप्रति निधी जनपद पंचायत घंसौर स्टाप सरपंच सचिव रोजगार सहायक उपयंत्री एसडीओ पंचायत समन्वयक की उपस्थिति में बिदाई समारोह का आयोजन किया गया और हसीं खुशी के साथ सभी ने मिलकर जनपद पंचायत घंसौर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमति श्रद्धा सोनी के उतार चढ़ाव के बीच मुख्य कार्यपालनअधिकारी के कार्यकाल की सराहना करते हुए अपने अपने उदगार व्यक्त किए इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष चंद्र शेखर चतुर्वेदी अनुविभागीय दण्ड अधिकारी प्रभारी सीईओ विशन सिंह गोड विकास खण्ड अधिकारी प्रसेन दीक्षित पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रमोद पटेल जनपद सदस्य सुखदेव पंद्रे समेत सभी लोगों उपस्थित रहे।

# यदि जीतू पटवारी के पर फर्जी दर्ज मुकदमा वापस नहीं लिए गए तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन करेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



मध्यप्रदेश में भाजपा द्वारा अराजकता की स्थिति बना दी गई है, गरीबो पर भाजपा के प्रभावशाली दबंग लगातार अत्याचार कर रहें है, सरकार के दबाव में पुलिस उन अत्याचारियों पर कार्यवाही करने पर बच रही है। जीतू पटवारी पर फर्जी मामला बनाए जाने को लेकर जिला कांग्रेस द्वारा आयोति पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना एवं प्रवक्ता राजिक अकील ने पत्रकार वार्ता में बताया कि ऐसा ही एक मामला ग्राम मुडरा, थाना मुंगावली, अशोक नगर के दो पीड़ति भाई गजराज लोधी एवं रघुराज लोधी से दबंगो ने मारपीट की उनकी मोटर सायकल छुडा ली और उन्हें जबरन मल खिलाया। दोनों भाई लगातार पुलिस से गुहार लगाते रहें चूंकि आरोपी सत्ताधारी दल के थे, पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। स्थानीय नेताओं ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी को न्याय के लिए बुलाया, दोनों भाईयों ने ऑनरिकार्ड जीतू पटवारी के सामने अपनी व्यथा सुनाई। जीतू पटवारी ने उसी समय अशोक नगर कलेक्टर आदित्य सिंह को फोन लगाकर कार्यवाही करने के लिए कहां, जिस पर कलेक्टर का जवाब था कि मल खिलाने की घटना मेरे नालेज में भी है इससे स्पष्ट होता है कि पीड़ितो को मल खिलाए जाने की शिकायत पूर्व में की जा चुकी थी, किन्तु पुलिस द्वारा भाजपा सरकार के दबाव में पीड़तिों से झूठा शपथ पत्र में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ ही शिकायत लिखाकर उन पर विभिन्न धाराओं के अन्तर्गतग मुंगावली थाने में मामला दर्ज कर दिया गया। जीतू पटवारी पूरे प्रदेश में शोषित पीड़ितो की आवाज उठा रहें है, प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव उन पर झूठे मुकदमें दर्ज कराकर आवाज को दबा देना चाहते है। जब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के उपर झूठे मामले दर्ज हो सकते है तो पूरे प्रदेश में सरकार की तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाने वालों पर क्या हाल होगा।

एक ओर झूठे शपथ पत्र के आधार पर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी पर झूठे मामले दर्ज किए जा रहें है वही दूसरी ओर सिवनी विधायक ने मुस्लिम समाज के खिलाफ भरी सभा में अपमानजनक अपशब्दों का प्रयोग किया, उन्हें काटने की बात कही, सिवनी जिले के प्रत्येक थानों में विभिन्न संगठनों द्वारा सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन पर कार्यवाही की मांग की थी, किन्तु पुलिस द्वारा भाजपा सरकार के दबाव में विधायक पर कोई कार्यवाही नही की गई, कार्यवाही न होने पर माननीय उच्च न्यायालय से गुहार लगाई गई, 18 फरवरी 2025 को माननीय न्यायालय ने निष्पक्ष जांच कर एफआईआर दर्ज करने के आदेश पुलिस को दिए गए, इसी तरह जल संसाधन विभाग के अधिकारी के साथ विधायक द्वारा मारपीट की गई, उनके द्वारा भी उच्च अधिकारियों से सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन पर कार्यवाही करने हेतु गुहार लगाई गई लेकिन इतनी शिकायत के बाद भी उन पर पुलिस द्वारा भाजपा सरकार के दबाव में आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। वहीं दूसरी ओर झूठे शपथ पत्र दिलाकर पुलिस ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर मामला दर्ज किया। 50 वर्ष पूर्व आपातकाल का रोना रोने वाली भाजपा के शासनकाल में अघोषित आपातकाल लगा हुआ है। शोषित पीड़ति वर्ग की कोई सुनवाई नहीं हो रही है उन पर लगातार अत्याचार जारी है। यदि जीतू पटवारी जी के उपर फर्जी दर्ज मुकदमा वापस नही लिए गए तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन करेगी।

### डुण्डासिवनी पुलिस ने गौ तस्करों पर की 1 माह में दूसरी बड़ी कार्यवाही

# गौवंश सहित 1 कार जप्त, 2 तस्कर अभिरक्षा में, मुक्त कराये 5 नग गौवंश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी. डी. शर्मा के निर्देशन में एवं सी.एस.पी. पूजा पाण्डे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डुण्डासिवनी सतीश तिवारी व्दारा गौवंश तस्करी पर सख्ती से कार्यवाही की जाती रही है। इसी क्रम में दिनांक 29/06/2025 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की एक कार में गौवंश भरकर नागपुर तरफ जाने वाला है। जो थाना स्तर पर टीम गठित की जाकर उक्त कार की सूचना मिलने पर पीछा किया गया जो कार चालक द्वारा अपनी कार को लगभग 120 किमी की रफ्तार से भागा जो दो तीन अलग अलग टीम बनाकर घेराबंदी करने का प्रयास किया गया। जो तस्करो को डूंडासिवनी क्षेत्रांतर्गत आमाझिरिया के पहले पोदार स्कूल के पास पकड़ लिया गया। कार बैंक करने पर उसमें 05 नग गौवंश मिले जिसमें एक नाटा 04 गाय थी। जिसमें से एक गाय की क्रूरतापूर्वक भरने के कारण मृत्यु हो गई। पूछने पर बताया कि उक्त गौवंश नागपुर कत्लखाना लेकर जा रहा था। उल्लेखनीय है कि पुलिस की देखकर गौवंश तस्करो ने अपनी कार को अत्यधिक खतरनाक तरीके से चलाकर भगाया जिसमें पीछा कर रही टीम ने लगभग 50 किमी. पीछा कर उक्त कार को पकड़ा। इसके पूर्व दिनांक 05/06/2025 को एक कार से 05 नग गौवंश मुक्त कराये गये थे।

# माँ ज्वालादेवी मंदिर में 95वें सप्ताह भी हुआ सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भैरोगंज-परतापुर रोड स्थित माँ आदिशक्ति ज्वालादेवी सिद्ध पीठ अब केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, अपितु सिवनी जिले की आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक सरोकार और सेवा भावना का केंद्र बन गया है। बीते 95 सप्ताहों से लगातार प्रत्येक शनिवार को यहां श्रद्धालुओं द्वारा सस्वर सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ आयोजित किया जा रहा है।

यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान न होकर, समाज में नैतिकता, आत्मिक विकास और युवा चेतना का माध्यम बनता जा रहा है। मंदिर परिसर में हर शनिवार युवाओं और विद्यार्थियों को मोबाइल के दुरुपयोग से बचाव, मन की एकाग्रता, समय प्रबंधन जैसे विषयों पर संवाद किया जाता है। हनुमानजी की उपासना के माध्यम से युवा पीढ़ी में आध्यात्मिक झुकाव बढ़ा है, जो समाज के लिए सकारात्मक संकेत है। इस आयोजन में महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक, विद्यार्थी और ग्रामीणजन सभी वर्गों की सहभागिता उल्लेखनीय है।

95वें सप्ताह के आयोजन में उपस्थित श्रद्धालुओं ने बच्चों की शिक्षा के अधिकार को लेकर चर्चा की और यह संकल्प लिया कि जो बच्चे किसी कारणवश स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित करेंगे।

साथ ही वर्षा ऋतु में पौधारोपण, स्वच्छता और संक्रमण से बचाव जैसे विषयों पर चर्चा कर जनजागरण का संदेश प्रसारित किया गया।

### विद्यालय के मुख्य द्वार पर अतिक्रमण और बच्चों की सुरक्षा को खतरा

# मिशन स्कूल छपारा प्रबंधन ने कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छपारा।

स्थानीय मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल, जो 135 वर्षों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता आ रहा है, ने अपने मुख्य द्वार के सामने अवैध अतिक्रमण और बच्चों की सुरक्षा से जुड़े गंभीर मुद्दों को लेकर कलेक्टर सिवनी को शिकायत सौंपी है।

प्राचार्य माइकल जॉन द्वारा दी गई शिकायत में आरोप है कि पास के निवासी एवं व्यवसायी कृष्णकांत (कानू) अग्रवाल ने विद्यालय गेट के सामने की सार्वजनिक जमीन पर जानबूझकर मिट्टी, मलबा और पत्थर डालकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया है। साथ ही उन्होंने आटा-चक्की और किराए की दुकानों का विस्तार कर आपातकालीन निकासी मार्ग बाधित किया है, जब विद्यालय प्रबंधन द्वारा उसे गेट के सामने से अतिक्रमण हटाने कहा गया तो उसके द्वारा गाली-गलौच, दुर्व्यवहार और धमकी भरी भाषा का उपयोग किया गया, विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि उसके द्वारा निर्मित



आटा-चक्की और अन्य किराए की दुकानों के सामने अव्यवस्थित पार्किंग से विद्यार्थियों का आवागमन न केवल बाधित हुआ है लेकिन उनकी सुरक्षा को भी खतरा है, विद्यार्थियों की सुरक्षा को खतरा है, बल्कि नई शिक्षा नीति (NEP) के अंतर्गत स्कूल सुरक्षा दिशानिर्देश और बाल अधिकार आयोग के निर्देशों का भी उल्लंघन हो रहा है। साथ ही, आटा-चक्की से उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण "साइलेंस ज़ोन" में आने वाले क्षेत्र में छात्रों की पढ़ाई में बाधा उत्पन्न कर रहा है।

प्रबंधन ने यह भी मांग की है कि विवादित भूमि के दस्तावेजों की वैधता की जाँच करायी जाए, और यदि बिना अनुमति व्यावसायिक उपयोग हो रहा है, तो विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। साथ ही पूरे क्षेत्र को स्थायी "साइलेंस ज़ोन" घोषित कर अतिक्रमण मुक्त कराया जाए।

इस संबंध में विद्यालय प्रबंधन द्वारा एसडीएम, तहसीलदार, नगर परिषद सीएमओ, पुलिस थाना छपारा में भी शिकायत दर्ज की जा चुकी है।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने पीड़ितों से मिलकर कलेक्टर से कार्रवाई की मांग की

# प्रदेश अध्यक्ष पर दर्ज केस वापस लेने की मांग



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाया है। मुंगावली क्षेत्र में एक युवक को मल खिलाने के मामले में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर दर्ज एफआईआर को लेकर विवाद गहराया है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय उईके ने सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि पीड़ितों ने पहले कलेक्टर की जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले की खबरें मीडिया में भी प्रकाशित हुई थीं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने पीड़ितों से मिलकर कलेक्टर से कार्रवाई की मांग की थी।

पीड़ित पक्ष पर दबाव बनाया गया

उईके के अनुसार, कांग्रेस के मामला उठाए जाने के बाद सत्तापक्ष ने पीड़ित पक्ष पर दबाव बनाया। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने शपथ पत्र के साथ शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि यह मामला पहले ही सार्वजनिक हो चुका था, ऐसे में प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ शिकायत दर्ज करना निंदनीय है।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष के नेताओं को प्रताड़ित करने के लिए झूठी एफआईआर, सीबीआई और ईडी जांच का सहारा ले रही है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। साथ ही उईके ने जिले में कांग्रेस विधायकों के साथ प्रोटोकॉल उल्लंघन को लेकर भी आपत्ति जताई।

### धरती आबा उत्कर्ष एवं पीएम जनमन का जिला स्तर पर आयोजित किया गया शिविर

# तीन माह तक चले जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ समापन



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली राज्य सरकार हर व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम कर रहीं है। जल संरक्षण की योजना भी एक ऐसी ही योजना है जिसका संबंध हर व्यक्ति से है। वर्तमान समय में हम देख रहें है कि जल संकट बढ़ता जा रहा है। यदि हम जागरूक नहीं हुए तो हमारी आने वाली पीढ़ी का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। आने वाली पीढ़ी और सुरक्षित भविष्य के लिए हम सबको मिलकर पानी की एक-एक बूंद को बचाने और संरक्षित करने का काम करना होगा। यह बातें बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी ने 30 जून को सांदीपनी स्कूल बालाघाट के प्रांगण में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर उपस्थित जल समुदाय को संबोधित करते हुए कहीं। इस अवसर पर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं प्रधानमंत्री जन-मन योजना के जिला स्तरीय शिविर लगाए गए और हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया।

इस अवसर पर विधायक विवेक (विक्की) पटेल, कलेक्टर मृणाल मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, श्रीमती मौसम हरिनखेड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, बैहर एसडीएम अर्पित गुप्ता, नगर पालिका के पार्षद, सभी विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन व हितग्राही उपस्थित थे।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती भारती पारधी ने अपने सम्बोधन में कहा कि जल संरक्षण के कार्यों के लिए हमें केवल सरकार के भरोसे नहीं रहना चाहिए बल्कि इसमें समाज के हर वर्ग को आगे आकर अपना योगदान देना चाहिए। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बालाघाट जिले में जिला प्रशासन द्वारा आमजन की सहभागिता के साथ अच्छा काम किया गया है। इस अभियान ने आमजन को सिखाया है कि हमारे सूख रहे जल स्त्रोतों को कैसे सुरक्षित एवं संरक्षित रखा जाए। इस अभियान में जिला में जो कार्य किये गए है उसका लाभ आने वाले समय में मिलेगा। इस वर्ष मार्च माह में ही हमारे जिले के तालाब एवं कुएँ सूखने लगे थे। सिवनी जिले में हालात और खराब थे। हमें इस संकट को समझना होगा और समय रहते सजग होना होगा। जल संरक्षण के कार्यों के साथ ही पौधारोपण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। आज जल गंगा संरक्षण अभियान का समापन हो रहा है। लेकिन यह अभियान रूकना नहीं चाहिए बल्कि निरंतर चलते रहना चाहिए।

# प्राथमिक शाला परिसर में लगाए गए पौधे, पर्यावरण संरक्षण को दिया बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



खैरलांजी जनपद के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत दुधारा के तहत आने वाले ग्राम जामखारी के शासकीय प्राथमिक शाला में 30 जून सोमवार को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्कूल परिसर में शाला प्रबंधन के द्वारा विविध प्रजाति के पौधे लगाए गए तथा रोपे गए पौधो की देखभाल करने का निर्णय लिया गया एंव पर्यावरण संरक्षण को बढावा दिया गया। शिक्षा समिति के सदस्य पिंटू मिश्रा ने बताया की शाला परिसर में पर्यावरण संरक्षण को बढावा देने के उद्देश्य से पौधे लगाए गए और उन्हें सुरक्षित रखने के लिए संकल्पित हुए साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।इस अवसर पर प्रधान पाठक श्री जितेन्द्र हिरकने,शिक्षक श्री खिरमोहन डहरवाल ,शिक्षा समिति सदस्य रवि पिंटू मिश्रा ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रीता भालाधरे,रसोईया सरसता कोहराम एंव विधार्थी उपस्थित रहे ।

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष पद के लिए बंद कमरे में पूछे नाम- किरनापुर में केंद्रीय पर्यवेक्षक ने पदाधिकारी, व्यापारियों और पत्रकारों से एकांत में की चर्चा



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** बालाघाट में कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत जिला अध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। रविवार को केंद्रीय पर्यवेक्षक सम्माननीय सुरज हेगड़े व साथ में जबलपुर से पधारे कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दिनेश यादव कांग्रेस कमेटी सदस्योंव पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष सुश्री हिना लिखी राम कांवरे के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। किरनापुर के विश्राम भवन के बंद कमरे में एक-एक कर पदाधिकारियों से जिला अध्यक्ष पद के लिए उनकी पसंद जानी।

पर्यवेक्षक के आने पर स्थानीय नेताओं ने पुष्पहार से स्वागत किया। इसके बाद पर्यवेक्षक ने कार्यकर्ताओं को पार्टी संगठन के आगामी ढांचे और नेतृत्व चयन की जानकारी दी। केन्द्रीय पर्यवेक्षक श्री हेगड़े जी ने पत्रकार वार्ता में चर्चा के दौरान बताया।

रायशुमारी में सामने आए नामों की पैनल बनाकर पार्टी के आलाकमान को भेजी जाएगी। आलाकमान से ही जिला अध्यक्ष के नाम की अंतिम घोषणा होगी।

कार्यक्रम में पर्यवेक्षक सुरज हेगड़े,दीनेश यादव, सुश्री हिना कावरे, मुन्नालाल समूने ,बेनीराम खोटेले, यूसुफ पटेल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, हिम्मतलाल गडबंशी पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, डॉ लक्ष्मण सिंह कुर्राहे, मुकेश चौहान जिला बस एसोसिएशन अध्यक्ष, मुकेश जोशी, देवेंद्र खोंगल जनपद उपाध्यक्ष लांजी, अजय अवसरे जनपद अध्यक्ष, अर्चना /रैवेन्द्र खोंगल, ईश्वर उमरे, ज्योति उमरे जिला पंचायत सदस्य, राधेश्याम सिंघनधूपे , ओमकार लाल आसटकर ,मुकेश रंगड़े गुड्डू अग्रवाल मुकेश रन गिरे गुड्डू अग्रवाल, मुकेश रणदेवे, प्रेम हाथीमारे, मंगल रैकवार समाजसेवी, अरुण पाराशर, पराग मोदी, दीपक दाते, ऋषि दशरिया, मोनू पसीने , हरीश लिल्हारे जनपद सदस्य और भी अन्य कांग्रेस के वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति सराहनय रही।

### किसानों को रागी, मक्का व उड़द बीज का किया गया वितरण

**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम कोचेवाही में कृषि विस्तार अधिकारी डिलेश खंडेलकर का लगातार भ्रमण के दौरान ग्राम कोचेवाही, डोरली, गटापायली, शेरपार के कृषकों को रागी मिनीकिट, मक्का बीज, उड़द बीज का वितरण किया गया। वहीं कृषकों को विभिन्न प्रकार की तकनीकी से अवगत कराया गया। कृषकों को को डी एस आर पद्धति से बोवार बोने हेतु जानकारी दी गई। इस दौरान कृषक राहुल सिंह बिसेन व गौरीशंकर ठाकरे उपसरपंच को को रागी मिनीकिट बीज का वितरण कर उसे बोने की सलाह दी गई। कृषकों को रागी बीज बोने हेतु उचित सलाह एवम् संतुलित मात्रा में खाद का उपयोग करने की सलाह दी गई। उनसे समसामयिक चर्चा की गई। वहीं कृषक राकेश सोनी के खेत का भ्रमण किया गया। जिसमें किसान ने लगभग 7 एकड़ में दशहरी आम के पौधे का रोपण का निरीक्षण कर कृषक को अंतरवर्ती फसल लगाने हेतुं तकनीकी सलाह दी गई।

### जिले में अब तक 148 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

**बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र के दौरान बालाघाट जिले में 01 जून से 30 जून 2025 तक 148 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 112 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मिलीमीटर है। 30 जून को प्रातः 08 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान जिले में 26 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है। कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 जून को प्रातः 8:00 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान बालाघाट तहसील में 18 मिलीमीटर, वारासिवनी में 23 मिलीमीटर, बैहर में 22 मिलीमीटर, लांजी में 12 मिलीमीटर, कटंगी में 15 मिलीमीटर, मिलीमीटर एवं तिरोड़ी तहसील में 11 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है। इस प्रकार जिले में बीते 24 घंटे में 26 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है।

# विधायक गौरव पारधी ने वितरण की निशुल्क रागी की मीनी किट ,कृषको को किया प्रोत्साहित



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

रागी की फसल का उत्पादन बढ़ाने के लिए लगातार सरकार के द्वारा कृषको प्रोत्साहित किया जा रहा । समय-समय पर कृषि विभाग के द्वारा कृषक पाठ शाला का आयोजन कर रागी फसल के महत्व की जानकारी कृषको को प्रदान की जा रही है। अन्न उत्पादन योजना के अंतर्गत खैरलांजी जनपद के सभाकक्ष में गुरुवार को आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कटंगी खैरलांजी विधायक गौरव सिंह पारधी के द्वारा कृषको को निशुल्क रागी की मीनी किट वितरण की एंव रागी फसल के उत्पादन को बढ़ावा देते हुए कृषको प्रोत्साहित किया गया । इस दौरान कृषक एंव जनपद अध्यक्ष प्रतिनीधी गुनाराम बघेले, मंडल अध्यक्ष ज्ञानेश राहंगडाले फूलचूर, पूर्व सरपंच तेजलाल चौधरी सालेबर्डी सहित अन्य कृषको ने रागी की मीनी किट निशुल्क विधायक के हस्ते प्राप्त कर खुशी जाहिर की। इस दौरान राजीव रंजन पांडे अनुविभागीय अधिकरी राजस्व, तहसीलदार डी.एल परते ,मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कर्पे, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी विनीता रंगारी, कृषि विकास अधिकारी आर.पी. मर्सकोले सहित अन्य जनप्रतिनिधी मौजूद रहे।

### डायरिया रोको अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों का हुआ क्लोरिनेशन



**बालाघाट।** जल जनित बीमारियों से बचाव के लिये लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालाघाट द्वारा डायरिया रोको अभियान के अंतर्गत 30 जून को विकास खंड लांजी एवं किरनापुर मे जल जीवन मिशन अंतर्गत सभी जल स्त्रोतों का क्लोरिनेशन किया गया। इसके साथ ही लांजी विकासखंड के ग्राम देवरबेली मे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा अभियान के तहत जल स्त्रोत का एफटीके किट के माध्यम से परीक्षण कर ग्रामवासियों को जल जनित बीमारियों के संक्रमण से बचाव के संबंध मे जागरूक किया गया।

# पहली बारिश में ही सरपंच की लापरवाही से घर में घुस रहा पानी, नालीयों की 2 सालों से नहीं हुई सफाई

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



जनपद पंचायत किरनापुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत शारद में पहली बार हुई झमाझम बारिश ने पंचायत की व्यवस्था की पोल खोलकर दी है। वार्डों में नालियों की सफाई नहीं होने से बारिश का पानी घरों में घुस गया। इससे घरों का सामान गीला हो गया। शुरुआत में ही यही स्थिति है तो आने वाले दिनों में रहवासियों की मुश्किलें और बढ़ना तय है। शनिवार रात और रविवार दिन में हुई झमाझम बारिश में नालियां उफान पर आ गई। वार्ड 09 में रहवासी जिन्हें दिक्कत है वह दिनेश मानेश्वर, अशोक मानेश्वर ,नरेंद्र मानेश्वर और अग्निवेश मानेश्वर जो गोरेलाल मानेश्वर के कारण सामने नाली चौक होने से नाली का पानी नहीं निकल पा रहा है ग्रामीणों ने बताया पहली बारिश में ही पानी हमारे घरों में घुस गया है। पंचायत ने वार्ड में कई बार आवेदन देने के बाद भी रोड और पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की। इससे समस्या पैदा हो रही है। उन्होंने पंचायत के सरपंच-सचिव से आग्रह किया है कि शीघ्र ही वार्ड में पानी निकासी की उचित व्यवस्था की जाए। जिससे गृहस्थी का सामान बारिश में भीगे नहीं। स्वयं घर के लोग नालिया खोदकर पानी निकासी का काम कर रहे हैं।

ग्राम पंचायत शारद के सरपंच प्रतिनिधि बिसेन से इस संबंध में चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि मकान नीचे रहने के कारण तथा रोड ऊपर है इस कारण पानी घरों के सामने भर चुका है नाली भी नीचे है सफाई अभियान के अंतर्गत लेबर मिलने पर नालियों की सफाई की जाएगी।

### विधायक राजकुमार कर्राहे रहे उपस्थित

# किसानों को किया गया रागी मिनीकिट का वितरण

हरिभूमि न्यूज लांजी।



30 जून को ग्राम देवलगांव में जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन एवं उपस्वास्थ्य केंद्र के उदघाटन कार्यक्रम में उपस्थित विधायक राजकुमार कर्राहे, जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद राजनीरे, जनपद पंचायत सदस्य महेंद्र पटले, ग्राम देवलगांव सरपंच श्रीमती पुष्पा कमल किशोर ठाकरे एवं उपस्थित अन्य सरपंच एवं पंचो के समक्ष किसानों के बीच जल गंगा संवर्धन अभियान के महत्व को बताते हुए भविष्य में जल संकट से बचने एवं भावी पीढ़ी तक जल को बचाए रखने हेतु संदेश दिया गया । कार्यक्रम में श्री कर्राहे द्वारा फसल विविधीकरण को जरूरी बताया गया, फसलों के लिए जल संकट से किसानों को अवगत कराया।

इसके पश्चात कृषि विस्तार अधिकारी कृष्ण कुमार खरे द्वारा कृषि विभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए विभागीय योजनाओं को कृषकों के सामने रखा गया, जिसमें प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत ड्रिप सिस्टम, स्प्रिंकलर सिस्टम, नलकूप खनन योजना एवं बलराम ताल योजना के संबंध में किसानों को जानकारी दी साथ ही विभाग द्वारा दिए जा रहे अनुदान की जानकारी दी। इसके पश्चात खेतों में यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के लिए किसानों को बोनी हेतु सुपर सीडर तथा नरवाई/पराली प्रबंधन हेतु बेलर मशीन उपयोग करने के सलाह दिए गए।

फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए श्री अन्न की जानकारी दी गई साथ ही इसके महत्व को समझाया गया । श्री अन्न के रूप में कोदो, कुटकी, रागी, मक्का आदि लगाने हेतु किसानों को प्रेरित किया गया। इस दौरान विधायक राजकुमार कर्राहे के माध्यम से किसान संजीत ठाकरे, लक्ष्मीचंद टेम्भरे, पांडुरंग टेंभरे, उमेंद्र हरिनखेड़े, हुलासराम वाहने को रागी मिनीकिट का वितरण किया गया।

# मुख्यमंत्री को विधायक ने क्षेत्रीय समस्या का ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने गत दिवस प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से उनके भोपाल स्थित निवास पर सौजन्य भेंट की, इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की जनसमस्या से संबंधित एक विस्तृत ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौंपा और उनको शीघ्र समाधान की मांग की।

विधायक भगत ने मुख्यमंत्री का ध्यान विशेष रूप से परसवाड़ा क्षेत्र के कृषि, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क व वनवासी समुदाय से जुड़ी समस्याओं की ओर आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि परसवाड़ा आदिवासी क्षेत्र है जहां की अधिकांश जनता आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है जिस ओर मेरे द्वारा लगातार पहले भी आज भी राज्य सरकार का ध्यान निरंतर केन्द्रित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत किसानों को सिंचाई के लिये पर्याप्त पानी की व्यवस्था न होना, वहीं बगलीपाट माइक्रो एरिकेशन की योजना को जल्द से जल्द टेंडर कर काम शुरू करना एवं ढूटी नहर में लाईनिंग कार्य अर्थात सीमेंटकरण कार्य को पूरा करने के साथ वर्षा ऋतु में कई गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से टूट जाता है इस हेतु ग्रामीण संपर्क सड़क पुल पुलियों के निर्माण की आवश्यकता के साथ क्षेत्र में स्वास्य सेवाओं का विस्तार होना एवं क्षेत्र में शासकीय शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ करने की ओर ध्यान केन्द्रित करना, नवीन कृषि विस्तार केन्द्र की स्थापना कर किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण और सहायता उपलब्ध कराने हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र की मांग की गई।

मुख्यमंत्री यादव ने विधायक की बातों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास है। उन्होंने संबंधित विभागों को ज्ञापन की बिन्दुओं पर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि किसानों व आदिवासी समुदाय के हितों की रक्षा के लिये सरकार निरंतर प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के उपरांत विधायक भगत ने कहा कि उनका उद्देश्य परसवाडा क्षेत्र को मूलभूत सुविधाओं से युक्त कर एक आदर्श विधानसभा बनाना है। मैं क्षेत्र की हर समस्या को प्रदेश सरकार तक पहुंचाकर इसका समाधान करवाने हेतु प्रतिबद्ध हूँ। ताकि जनता ने मुझ पर विश्वास करके जो जिम्मेदारी सौंपी है उस पर खरा उतर सकूं।

